**Seventeenth Loksabha**

p>

Title: Need to establish a Sport University in Bhopal.

**साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर (भोपाल):** धन्यवाद महोदय । सन् 1984 में आज की ही दिनांक 3 दिसम्बर को असावधानी से यूनियन कार्बाइड का बहुत बड़ा कांड हुआ, जिसमें हजारों लोग मृत हुए और आज भी लाखों लोग पीड़ित हैं । आज बहुत ही संवेदनशील दिन है । भोपाल में आज के दिन जो कांड हुआ था, मैं आपके माध्यम से उन समस्त मृत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं और जो आज भी पीड़ित हैं, उनके प्रति मैं अपनी मानवीय संवेदनाएं व्यक्त करती हूं । हमारे क्षेत्र भोपाल में एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की अति आवश्यकता है, क्योंकि मध्य प्रदेश में एक नियम है कि जिस स्कूल में जब तक स्पोर्ट्स टीचर नहीं होगा, तब तक वह पूरा स्कूल नहीं माना जाएगा । अच्छे स्पोर्ट्समैन तैयार हों, अच्छे स्पोर्ट्समैन अच्छे टीचर्स बनें और अच्छे टीचर्स अच्छे कोच बनें, जिससे कि खेल क्षेत्र में हमारे उत्कृष्ट स्पोर्ट्समैन तैयार हो सकें । जय हिन्द ।